EVM (BU & CU)/VVPAT सीलिंग
प्रशिक्षण सामग्री

- EVM/ VVPAT के 2nd रेण्डेमाईजेशन के पश्चात एवं अभ्यार्थियों के नाम निर्देशन व प्रतीक आवंटनोपरान्त EVM/VVPAT सीलिंग का कार्य प्रारंभ होना है।

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– जिला पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक 60/EVM/ VVPAT दिनांक 10.10.2020 के आलोक में विधानसभावार सीलिंग हेतु कर्मी/पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है।

- सभी प्रतिनियुक्त कर्मी /पदाधिकारी समसय आवंटित स्थान पर योगदान करें।

- प्रतिनियुक्त किसी भी कर्मी/पदाधिकारी को Commissioning hall में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने अथवा किसी भी वस्तु को बाहर लाने की अनुमति नही होगी।

- **EVM/VVPAT सिलिंग हेतु आवश्यक सामग्री**
  - (i) EVM/VVPAT निर्गत पंजी (Issue Register)
  - (ii) निर्वाची पदाधिकारी का सील
  - (iii) स्टाम्प पैड
  - (iv) एड्रेस टैग
  - (v) धागा
  - (vi) बैलेट पेपर
  - (vii) पिंक पेपर सील (BU के लिए)
  - (viii) CU की बैटरी
  - (ix) VVPAT की बैटरी

- **अन्य विविध सामग्री :–**
  - (i) चपड़ा
  - (ii) मोमबत्ती
  - (iii) मचिस
  - (iv) सूई
  - (v) धागा
  - (vi) स्क्रू ड्राईवर
  - (vii) कैंची
  - (viii) कपड़ा,
  - (ix) रबड
  - (x) लिफाफा
  - (xi) मास्किंग टैप
  - (xii) चाकू
  - (xiii) हैण्डी–प्लास्ट

- **Ballot Unit (BU) का चेकिंग एवं सीलिंग हेतु चरण (STEPS)**
  - (i) सर्वप्रथम यह जांच कर सुनिश्चित करना है कि मतदान केन्द्र के लिए आवंटित BU है। BU का वास्तविक संख्या एवं मतदान केन्द्र का मिलान होने के बाद कैरी–केस पर भी संख्या का मिलान कर लेना है। आवश्यक हो तो बोल्ड मार्कर से BU संख्या को लिखा भी जा सकता है।

(ii) BU के सबसे उपर एवं नीचे लैचेज (क्लिप) को खोलकर बैलेट पेपर के स्क्रीन (प्लास्टिक केबिनेट) में RO द्वारा हस्ताक्षरित बैलेट पेपर को इस प्रकार लगाया जाना है कि अभ्यर्थी का नाम, प्रतीक एवं बैलेट बटन एक सीध में हो। किसी भी परिस्थिति में बैलेट पेपर टेढ़ा–मेढ़ा /आड़ी–तिरछी नही लगनी चाहिए। बैलेट पेपर लगने के उपरान्त एड्रेस टैग लगाकर बैलेट युनिट के अनुसार थम्ब व्हील सेट करना है। अर्थात यदि निर्वाचन में अभ्यथियों की कुल संख्या 15 है एवं NOTA को जोड़कर सोलह अभ्यर्थी सेट किया जाता है अथवा 16 से कम अभ्यर्थी है तो एक बी0यू0 का उपयोग होना है, तो थम्ब व्हील को 01 पर लगायें।

(iii) यदि किसी विधान सभा में दो बैलेट यूनिट का उपयोग होता है, अर्थात NOTA सहित कुल अभ्यर्थियों की संख्या 17 अथवा उससे अधिक (32 तक) होती है तो प्रथम BU में थम्बव्हील 01 पर तथा द्वितीय BU **में** थम्बव्हील 02 पर सेट करना होगा।

(iv) यदि (Two) B.U **इस्तेमाल होने पर** C.U **एवं** VVPAT **के साथ जोड़ने का तरीका**



नोट :– (A) प्रथम B.U का थम्बव्हील [01] पर और दूसरे वाले BU का थम्बव्हील [02] पर रहना अनिवार्य है

(B) दूसरे वाले B.U का केबल (तार) प्रथम B.U के पीछे भाग में बने प्लग कोड (साकेट) में जोड़ा जानाा है।

(v) कुल अभ्यर्थी + 1 (Nota) सहित बी.यू. के बटन खुले रहेगे शेष बटन को मास्क (बन्द) कर देना है।

(vi) उसके बाद बैलेट स्क्रीन को बंद कर दें। अब बी.यू. के उपरी एवं निचले लैचेज (क्लिप) पर संबंधित मतदान केन्द्र का एड्रेस टैग लगाऐं।

(vii) बी.यू के निचले किनारे को चारों तरफ लपेटते हुए पिंक पेपर सील लगाया जाना है। पिंक पेपर सील का नम्बर व BU का नम्बर हेतु पंजी (लेखा) संधारण करना है।**(Annexure -17 (Part**-II)

(viii) इसी प्रकार बी.यू. के Carry-case के दो तरफ एड्रेस टैग लगाकर संबंधित RO के सील से मुहरबंद (सीलिंग) किया जाएगा।

(ix) B.U. पर जितने भी एड्रेस टैग लगेंगे, उन सभी पर RO का सील लगना है, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

➢ Control Unit (C.U) का चेकिंग एवं सीलिंग हेतु चरण (STEPS)

(i) सर्वप्रथम यह जांच कर सुनिश्चित करना है कि मतदान केन्द्र के लिए आवंटित CU है। CU का वास्तविक संख्या एवं मतदान केन्द्र का मिलान होने के बाद कैरी–केस पर भी संख्या का मिलान कर लेना है। आवश्यक हो तो बोल्ड मार्कर से CU संख्या को लिखा भी जा सकता है।

(ii) CU का Power pack लगाऐं और On करके CU का नम्बर आदि जो डिस्प्ले हो रहा है, को ठीक से देख लें। कैंडिडेट सेटिंग और समय व तिथि सब ठीक–ठीक दिखने चाहिए।

(iii) अब CU के कैंडिडेट सेक्शन को एड्रेस टैग लगाकर RO के सील से सील करें। इसी प्रकार CU बैटरी सेक्शन को एड्रेस टैग लगाकर RO के सील से सील करें।

(iv) ध्यान रखना है कि CU के उपर पूर्व से लगे पिंक पेपर सील को किसी प्रकार की क्षति ना पहुँचे।

(v) CU पूरी तरह सील होने के उपरान्त स्वीच को ऑफ मोड मे अवश्य करें

(vi) CU के कैरी–केस में CU को बढ़िया तरीके से रखें और कैरी–केस के उपर बोल्ड मार्कर से CU का नम्बर अंकित करें (ध्यान रहे कैरी–केस पर वही नम्बर अंकित होगा, जो CU मशीन पर अंकित है)। CU कैरी–केस को Address tag लगाएें।

➢ **VVPAT चेंकिंग एवं सीलिंग हेतु चरण (STEPS)**

(i) सर्वप्रथम यह जांच कर सुनिश्चित करना है कि मतदान केन्द्र के लिए आवंटित VVPAT है। VVPAT का वास्तविक संख्या एवं मतदान केन्द्र का मिलान होने के बाद कैरी–केस पर भी संख्या का मिलान कर लेना है। आवश्यक हो तो बोल्ड मार्कर से VVPAT संख्या को लिखा भी जा सकता है।

(ii) यह सुनिश्चित कर लेना है कि पेपर रॉल लगा दिया गया है और बेल अभियन्ता द्वारा अभ्यार्थियों को आवंटित प्रतीक चिन्ह् (Symbol) अपलोड कर दिया गया है।

(iii) अब VVPAT के Power बैट्री सेक्शन में नया बैट्री लगाऍ और उस सेक्शन को सील ना करें।

(iv) VVPAT में Paper Roll सेक्शन को बंद करने के उपरान्त बाहर में दोनो तरफ से लैचेज (क्लिप) बन्द करें और Address Tag से सील करें।

(v) VVPAT को केरी–केश में सुरक्षित रखना एवं कैरी–केश पर बोल्ड मार्कर से VVPAT नम्बर अंकित करें और कैरी–केश के लेचेज (क्लिप) को बन्द कर Address Tag लगायें।

➢ **CU,BU, VVPAT के Commissioning के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी (नोटा सहित) को एक–एक मत (वोट) देकर प्रत्येक EVM/VVPAT के उचित कंडिडेट सेटिंग एवं सिम्बोल लोडिंग की जॉच की जाएगी।**

➢ **EVM/VVPAT के सिलिंग के उपरांत 5% EVM/VVPAT को Random तरीके से चयन किया जाएगा और उसमें मॉकपोल किया जाना है**

➢ **निर्वाची पदाधिकारी /सहायक निर्वाची पदाधिकारी के उपस्थिति में EVM/VVPAT के Commissioning के दौरान VVPAT के पेपर स्लिप को प्रतिदिन कतरन मशीन से नष्ट किया जाना है।**

Note :– (1) **सम्बन्धित विधान सभा में अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप Candidate सेट होना आवश्यक है।**

(2) BU में Thumb-wheel **का सेटिंग उपयुक्त तरीके से हों, जाँच लें।**

(3) VVPAT **के** Paper Slips **में अभ्यर्थियों को आवंटित प्रतिक चिन्ह्** (Symbol) **जाँच लें।**

(4) BU **का निला बटन मास्क–अनमास्क उपयुक्त तरीके से हों, जाँच लें।**

(5) CU **को** Switch Off **मोड में करना ना भूलें।**

(6) **पंजी एवं प्रपत्र का संधारण आवश्यक है।**

(7) **प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए आवंटित** EVM (BU & CU) **और** VVPAT **का मिलान अवश्य करायें।**

(8) **RESERVE (सुरक्षित)** EVM/VVPAT **पर RESERVE का स्टिकर अवश्य चस्पा करें।**